# शिष्यवृत्ति रुकी, अपनी जेब से चला रहे छात्रावास

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 26 फरवरी।** जिले में संचालित शासकीय विमुक्त पिछड़ा वर्ग छात्रावासों की स्थिति बदतर होती जा रही है। भारतीय लोक सत्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं अनुसूचित जाति/जनजाति पिछड़ा वर्ग समिति के राष्ट्रीय संरक्षक सियाराम सिंह चौधरी ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 8 महीनों से छात्रों की शिष्यवृत्ति (स्कॉलरशिप) का पैसा नहीं मिला है। इस वित्तीय संकट के कारण छात्रावास अधीक्षक अपने निजी वेतन और जमा-पूंजी से छात्रावास चलाने को मजबूर हैं।



**अन्य विभागों में भुगतान, यहाँ भेदभाव क्यों:** चौधरी ने बताया कि ग्वालियर जिले के लगभग 10 से 15 छात्रावासों के अधीक्षकों ने अपनी पीड़ा साझा की है। उन्होंने कहा कि जहाँ अन्य विभागों द्वारा संचालित छात्रावासों को समय पर बजट और पैसा आवंटित किया जा रहा है, वहीं विमुक्त पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। शासन की इस अनदेखी का सीधा असर गरीब पिछड़ा वर्ग के छात्रों के भोजन और सुविधाओं पर पड़ रहा है।

**प्रशासन की अनदेखी से विमुक्त पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के सामने खड़ा हुआ आर्थिक संकट**

**अधीक्षकों पर कर्ज का बोझ:** अधीक्षकों के अनुसार, पिछले 8 महीनों से राशि न मिलने के कारण अब उनके पास भी संसाधन खत्म हो रहे हैं। कई अधीक्षक कर्ज लेकर बच्चों के लिए राशन और अन्य जरूरी सामान की व्यवस्था कर रहे हैं। यदि समय रहते बजट जारी नहीं किया गया, तो इन छात्रावासों का संचालन पूरी तरह ठप हो सकता है।

**कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग:** चौधरी ने जिला कलेक्टर, ग्वालियर से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि विमुक्त पिछड़ा वर्ग के छात्रों का हक उन्हें जल्द नहीं मिला और बजट जारी नहीं किया गया, तो समिति उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

# दो स्थानों से सरकारी जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 26 फरवरी।** ग्वालियर जिले में सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने के लिये सरकार की मंशा के अनुरूप जिला प्रशासन द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इस कड़ी में

**अतिक्रमण हटाने के लिये प्रशासन की विशेष मुहिम**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर गई राजस्व विभाग की टीम ने गुरुवार को शहर से सटे दो स्थानों से लगभग 15 हजार वर्गफीट बेशकीमती सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटवाए। अतिक्रमण मुक्त कराई गई जमीन की कीमत लगभग साढ़े 4 करोड़ रुपए अनुमानित की गई है।



एसडीएम झांसी रोड श्री अतुल सिंह ने बताया कि ग्राम रमौआ के अंतर्गत शासकीय सर्वे क्रमांक-71 की लगभग 10 हजार वर्गफुट जमीन पर जेतल विहार कंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर वीरेन्द्र गुप्ता द्वारा पार्क की बाउण्ड्री बनाकर अतिक्रमण किया गया था। तहसीलदार सिटी सेंटर द्वारा पूर्व में इस प्रकरण में विधिवत बेदखली आदेश जारी कर 20 हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया था। तहसीलदार द्वारा जारी किए गए बेदखली आदेश के आधार पर गुरुवार को राजस्व, पुलिस व नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा मशीनों की मदद से यह अतिक्रमण हटवा दिया गया है।

इसी तरह ग्राम डोंगरपुर के सर्वे क्रमांक-187 की लगभग 5 हजार वर्ग फुट पर कुछ लोगों द्वारा पार्क बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था। इस प्रकरण में भी तहसीलदार सिटी सेंटर द्वारा बेदखली आदेश जारी कर 10 हजार रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया गया था। तहसीलदार द्वारा जारी किए गए बेदखली आदेश के पालन में 26 फरवरी को संयुक्त टीम ने मौके पर पहुँचकर अतिक्रमण हटवा दिए हैं। दोनों स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई एसडीएम झांसी रोड श्री अतुल सिंह के नेतृत्व में की गई। इस कार्रवाई में तहसीलदार सिटी सेंटर श्री कुलदीप दुबे, राजश्व निरीक्षक श्री रवि करैया सहित नगर निगम व पुलिस की टीम शामिल रही।



# रेलवे मजिस्ट्रेट ने किया मंगला व हीराकुण्ड का औचक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 26 फरवरी।** विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट श्री अतुल यादव ने गुरुवार को रेलवे के सीटीआई, टीटीई व अन्य स्टाफ के साथ रेलगाड़ियों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खासतौर पर ग्वालियर से आगरा के बीच 12617 मंगला एक्सप्रेस एवं आगरा व ग्वालियर के बीच 20808 हीराकुण्ड एक्सप्रेस का निरीक्षण किया। विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट श्री यादव ने इन दोनों रेलगाड़ियों की पेन्ट्रीकार की विशेष रूप से जांच की और बिना आईडी के अवैध रूप से खाद्य सामग्री बेच रहे वेंडरो को पकड़कर जुर्माना लगाया।

विशेष रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा इन दोनों ट्रेनों के निरीक्षण के बाद ग्वालियर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नं.-1 पर बगैर टिकिट

**बगैर टिकिट के स्टेशन पर घूम रहे लोगों से भी वसूला जुर्माना**

घूम रहे लोगों को पकड़ा। साथ ही स्टेशन पर गंदगी फैलाने वाले लोगों को भी पकड़ा। इस कार्रवाई के दौरान 65 व्यक्तियों की जांच की गई और बगैर टिकिट मिले लोगों से 37 हजार 700 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

# डबरा से अपहृत महिला चंदेरी में बरामद

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 26 फरवरी।** पैसों के लेनदेन के विवाद में महिला का अपहरण करने वाले दो बदमाशों को ग्वालियर की डबरा देहात पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अपहृता को चंदेरी (अशोकनगर) से सकुशल बरामद कर घटना में प्रयुक्त ईको गाड़ी और एक देशी पिस्टल भी जब्त की है।

फरियादिया प्रेमबती (परिवर्तित नाम) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 25 फरवरी की सुबह जब वह अपनी बेटी प्रियंका (परिवर्तित नाम) के साथ बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रही थी, तभी ईको गाड़ी सवार अर्जुन परिहार और उसके साथियों ने पिस्तौल की नोक पर प्रियंका का जबरन अपहरण कर लिया। विवाद की जड़ पैसों का पुराना लेनदेन बताया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह ने आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी सुधाकर सिंह तोमर के नेतृत्व में गठित टीम ने तकनीकी सेल और मुखबिरों की मदद से आरोपियों का पीछा किया। पुलिस टीम ने आज 26 फरवरी को सिंहपुर तालाब, चंदेरी के पास से मुख्य आरोपी अर्जुन परिहार (विदिशा) और उसके साथी सचिन धाकड़ को धर दबोचा। पुलिस ने इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त ईको कार और एक देशी पिस्टल बरामद की है। फिलहाल पुलिस महिला से विस्तृत पूछताछ कर रही है और मामले के अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

# आवारा पशुओं के लिए बनेंगे चारागाह व गौ-अभ्यारण

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 26 फरवरी।** जिले में घूमने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में कई विभागों को शामिल किया गया है, जिससे आवारा पशुओं की अच्छी दुधारू नस्लें तैयार हो सकें। साथ ही गाय सडकों के स्थानों पर आश्रय स्थलों में रह सकें। इसके लिए गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गोबर गैस प्लांट लगाए जाएंगे, जिससे गौशालाओं को आर्थिक मदद मिल सके। इसके साथ ही धार्मिक सामाजिक संगठनों, कारपोरेटस एवं एनजीओ के माध्यम से आवारा पशुओं का पुनर्वास भी किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में कमेटी गठित**

**आत्मनिर्भर बनाने बनेंगे सीएनजी प्लांट**

शहर की सडकों एवं हाइवे पर घूमने वाली आवारा गायों के कारण लगातार दुघर्टनाएं होती रहती हैं, जिसके कारण एक ओर जहां पशुओं की मौत हो जाती है, वहीं दूसरी ओर दुघर्टना में आमजन भी घायल हो जाते हैं।

### इन विभागों को सौंपी यह जिम्मेदारी

पशुपालन एवं डेयरी विभाग आवारा एवं पालतू पशुओं की निगरानी के लिए ईयर टैपिंग करेगा। विस्थापित पषुओं के लिए उपचार की व्यवस्था, अनियंत्रित पशु प्रजनन की रोकथाम के लिए नसबंदी एवं कत्रिम गर्भधारण के माध्यम से नस्ल सुधार कार्य करेगा। जबकि जिला पंचायत गौशालाओं में अतिरिक्त शेड तैयार कराएंगी एवं नवीन गौ अभ्यारणों की स्थापना करेगी। वहीं कृषि विभाग चारा प्रबंधन का कार्य संभालेगा, जिससे पर्याप्त मात्रा में चारा उपलब्ध हो सके। स्वास्थ्य विभाग दुघर्टना में घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराएंगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंध विभाग विस्थापित मवेशियों के लिए चारागाह की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। चरनोई भूमि से अवैध कब्जे मुक्त कराएगा। वहीं सूचना एवं प्रौधोगिकी विभाग आवारा पशु एवं घटना जन्य क्षेत्रों का डेटा तैयार करेगा। वहीं वन विभाग वन क्षेत्रों में आवारा पशुओं के विचरण को नियंत्रित करेंगे।

# शहर से पांच बाइक ले गए चोर

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 26 फरवरी।** शहर में एकाएक वाहन चोरों का आतंक फिर बढ़ गया है। वाहन चोरों ने शहर की पुलिस की सक्रियता की पोल खोलते हुए एक के बाद एक पांच बाइक चोरी की और निकल भागे।

बाइक चोरी की घटनाएं, मुरार, गोला का मंदिर, बहोड़ापुर थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों में अंजाम दी गई हैं। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम कर तलाश शुरु कर दी है। हालांकि अभी तक पुलिस किसी बाइक चोर गैंग की गर्दन नापने में सफल नहीं हो सकी है। अनिल निगम निवासी लेदर फैक्ट्री कॉलोनी मुरार किसी काम से बीते रोज रिसाला बाजार गए थे। अनिल ने अपनी स्पोर्ट्स बाइक नम्बर एमपी 07 एनक्यू-1075 को ओम बर्तन भंडार के पास खड़ी की थी। काम निपटाकर जब वह वापस आया तो देखा कि बाइक गायब है। वहीं शिवकुमार उपाध्याय निवासी रामदास घाटी हॉकर्स जोन किसी काम से मुरार के सूरी नगर सीपी कॉलोनी में गए थे। उन्होंने अपनी बाइक नम्बर एमपी 07 जेडजी-4733 को कॉलोनी में खड़ा कर दिया था। शिवकुमार जब वापस आए तो बाइक नदारद मिली। उन्होंने आस-पास पूछा भी, लेकिन कोई कुछ जानकारी नहीं दे सका। गायत्री विहार कॉलोनी पिंटो पार्क में किराए से रहने वाले शिवम शुक्ला ने अपनी बाइक नम्बर एमपी 30 जेडडी-5868 रात के समय घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह 6 बजे शिवम घर से जाने के लिए निकले तो पता चला कि बाइक गायब है। वह तीन दिन तक चोरी हुई बाइक को तलाशते रहे, लेकिन जब कहीं पता नहीं चला तो गोला का मंदिर थाने पहुंचे और घटना की जानकारी दी। बाइक चोरी का सिलसिला यहीं नहीं थमा और अज्ञात चोर आदित्य अपार्टमेंट की पार्किंग में से रजनीश शर्मा की बाइक नम्बर एमपी06 एमएन-6145 को चोरी कर ले गए।

## छत से गिरकर 20 वर्षीय युवक की मौत

**ग्वालियर।** झांसी रोड थाना क्षेत्रांतर्गत हरिशंकरपुरम स्थित साई नगर फेस 2 में रहने वाला 20 वर्षीय कृष्णा पुत्र राजीव गुप्ता गुरुवार सुबह असंतुलित होकर अपने घर की छत से नीचे जा गिरा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर्स द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिसने शव को पीएम के लिए पहुंचाकर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं जवान बेटे की मौत के बाद पिता राजीव गुप्ता बेसुध हो गए, जिन्हें अन्य परिजन संभालते नजर आए। बहरहाल पुलिस द्वारा घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।





एक्स-शोरूम कीमत ₹86,311#

इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक — HDFC BANK, SBI card क्रेडिट कार्ड, Powered by pine labs

Hero GoodLife — Stand a chance to win Gold and Silver Coins and many more assured benefits*

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. World's no 1 disclaimer - Highest sales for any 2 Wheeler Corporate Entity in the world for Calendar Year 2025 Data source: DNA Consult & Advisory's report Assessment of Global Two Wheelers Market(CY25). Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. Available at selectdealerships. *Limited period offer, T&C Apply. #Ex-showroom price of Glamour X Drum variant in Madhya Pradesh.

TOLL FREE NO. 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिण्डः शिवम हीरो 9289922787, दतियाः शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), एसोशिएट डीलरः अम्बाह-उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, पृथ्वीपुर: महावीर एजेंसीज 7000375943, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, अमानगंजः असाती ऑटोमोबाइल्स, 9993146070, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) भिण्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787.

FCB INTERFACE/8486/DEC25/HINDI


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95